प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 95 / 2026)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 16 जुलाई 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने कर्नाटक एलएसए के तहत उत्तर कन्नड़ा डिस्ट्रिक के आस-पास मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मई 2026 के महीने के दौरान सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए **कर्नाटक एलएसए के तहत उत्तर कन्नड़ा डिस्ट्रिक के आस-पास के इलाकों** के लिए किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय (Real time) पर गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, ट्राई द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट(CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट(CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के जमीनी मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. ट्राई ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से 18 मई 21 मई के दौरान **कर्नाटक एलएसए** के तहत **कारवार शहर और इसके आस-पास के इलाकों में** सिटी ड्राइव- 440.5 किमी, हॉटस्पॉट लोकेशंस- 12, वाक टेस्ट 8.7 किमी और रेलवे 761.0 किमी पर टेस्ट ड्राइव आयोजित किए। ये टेस्ट ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

4. **ड्राइव टेस्ट रुप मैप:** ड्राइव टेस्ट रुप मैप मानचित्र पर दर्शाए गए संकेतों के अनुसार, निम्नांकित मानचित्र, सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग, हॉटस्पॉट और वॉक टेस्ट को दर्शाता है:






**5. प्रमुख मूल्यांकित मानदंड:**

**क) कवरेज गैप:** नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

**ख) वॉयस सर्विसेज:** कॉल सैट अप सक्सेज रेट(CSSR), ड्रॉप कॉल रेट(DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS) ।

**ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस**: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

**घ) डाटा सर्विसेज:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट ।

6. प्रमुख मापदंडों के लिए **उत्तर कन्नड़ा डिस्ट्रिक** में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है: -

**क) कवरेज गैप** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल की शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, **एयरटेल** के लिए 5104/34323,**बीएसएनएल** के लिए 10378/35480, **आरजेआईएल** के लिए 7089/37941 और **वीआईएल** के लिए 6626/28580 था। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।.

**ख) ड्राप्ड काल्स-** सफलतापूर्वक स्थापित कॉल की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापी जाने वाली ड्रॉप कॉल **एयरटेल** के लिए 14/311,**बीएसएनएल** के लिए 28/306, **आरजेआईएल** के लिए 17/346 और **वीआईएल** के लिए 12/260 थीं। ड्राप्ड काल्स स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।.

**ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस-** स्थापित कुल कॉल में से > 3 सेकंड के लिए देखे गए साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापा गया कॉल साइलेंस इंस्टेंस, **एयरटेल** के लिए 17/304, **बीएसएनएल** के लिए 8/ 274, **आरजेआईएल**के लिए12/331 और **वीआईएल** के लिए 8/230 कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

**घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:**

i) **डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल** (5G/4G) के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 109.02 Mbps, **बीएसएनएल**(4G) के लिए 5.73 Mbps, **आरजेआईएल(5G/4G)** के लिए 229.12 Mbps और **वीआईएल(5G/4G/2G)** के लिए 25.04 Mbps देखी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) **डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल (5G/4G)** के लिए औसत अपलोड स्पीड 26.02 Mbps, **बीएसएनएल(4G)** के लिए 2.07Mbps, **आरजेआईएल(5G/4G)** के लिए 18.19Mbps और **वीआईएल(5G/4G/2G)** के लिए 10.78Mbps देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में प्रदान किया गया है।

ड्राप्ड कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके संलग्न अनुलग्नक में देखे जा सकते हैं।

7. ड्राइव टेस्ट दौरान मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है:

**क) शहर** – सिटी ड्राइव में कवर किए गए क्षेत्र इस प्रकार से हैं- उत्तर कन्नड़ जिले में शिरवाड़ा, कोडीबाग, हट्टीकेरी, अंकोला, मिर्जन, भटकल, अनंतवाड़ी, कासरकोडा, कुमटा, देवीमाने, सिरसी, मनचीकेरे, येल्लापुर, भगवती, अंबिकानगर, दांडेली, बापेली, गणेशगुडी और हलियाल आदि

**ख) रेलवे** - बेंगलुरू से कारवार तक जो कि हासन, मंगलुरु, उडुपी, मुर्डेश्वर और अंकोला आदि से होकर गुजरती है।

**ग) हॉटस्पाट** - हॉट स्पॉट स्थान, स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव कैप्चर करते हुए, अंकोला बस स्टैंड, भटकल बस स्टैंड, दांदेली बस स्टैंड, डिस्ट्रिक हौस्पीटल कारवार, गवर्मेंट हौस्पीटल दांडेली, गवर्मेंट हौस्पीटल हलियाल, हलियाल बस स्टैंड, होन्नावर बस स्टैंड, कारवार बस स्टैंड, कुमटा बस स्टैंड, सिरसी बस स्टैंड, और येल्लापुरा बस स्टैंड हैं।

**घ) वॉक टेस्ट**- 19 से 20 मई, 2026 को आयोजित वॉक टेस्ट में भटकल ओल्ड टाउन वॉकवे, कारवार बीच प्रोमेनेड स्ट्रेच, कुमटा टाउन बाजार वॉक, मुरुदेश्वर बीच और टेम्पल वॉकवे और सिरसी श्री मारिकंबा मंदिर आदि शामिल थे।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया जा चुका है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध करवाई गई है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए adv.bengaluru@trai.gov पर मेल भेजा जा सकता है या ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, बेगलूरु से दूरभाष सं 91-80-22865004.पर संपर्क किया जा सकता है।

बी.प्रवीण कुमार

(बी प्रवीण कुमार)

सलाहकार, ट्राई क्षे.का.बेंगलूरु


**1. उत्तर कन्नड़ा डिस्ट्रिक:**

**क) कवरेज गैप** वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 34323 | 35480 | 37941 | 28580 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 5104 | 10378 | 7089 | 6626 |
| सीमित सेवा (कोई कवरेज नहीं) वाले नमूनों की संख्या | 6487 | 4479 | 3755 | 9565 |

**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी जानी है जब वह 5G और 4G के लिए 110dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

## देखा गया कवरेज गैप





**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**क) ड्राप्ड काल्स** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप की गई कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| **मानदंड** | **एयरटेल** | **बीएसएनएल** | **आरजेआईएल** | **वीआईएल** |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 311 | 306 | 346 | 260 |
| ड्राप्ड कॉल की संख्या | 14 | 28 | 17 | 12 |

## ड्राप्ड काल्स के स्थान





**नोट:** ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है

**ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है -

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित कॉलों की संख्या (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 304 | 274 | 331 | 230 |
| कॉल साईलेंस संख्या > 3 सेकंड के लिए | 17 | 8 | 12 | 8 |
| >3 सेकंड के लिए कॉल साईलेंस इंस्टेंसेस की कुल संख्या | 24 | 10 | 15 | 8 |

**कॉल साईलेंस के स्थान**





**नोट:** ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है

**घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:** ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है: -

**(i) डाउनलोड थ्रूपुट**


| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 9.79 | 10.46 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 109.02 | 5.73 | 229.12 | 25.04 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

## (ii) अपलोड थ्रूपुट

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल तक (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 5.60 | 3.41 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 26.02 | 2.07 | 18.19 | 10.78 |




**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


**2. बंगलूरु से कारवार रेलवे:**


क) **कवरेज गैप:** वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है


| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 44653 | 37684 | 45911 | 38986 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 12528 | 17526 | 9986 | 15934 |
| सीमित सेवा (कोई कवरेज नहीं) वाले नमूनों की संख्या | 3414 | 7448 | 1837 | 7003 |


**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी जाती है जब वह 5G और 4G के लिए 110dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

## देखा गया कवरेज गैप










**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।

**ख) ड्राप्ड काल्स** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप की गई कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 238 | 211 | 250 | 218 |
| ड्राप्ड कॉल की संख्या | 18 | 47 | 26 | 56 |

## ड्राप्ड काल्स के स्थान





**नोट:** ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है


**ग) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:** ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है: -


**(i) डाउनलोड थ्रूपुट**

| **मानदंड** | **माप प्रकार** | **एयरटेल (5G तक)** | **बीएसएनएल (4G तक)** | **आरजेआईएल (5G तक)** | **वीआईएल (4G तक)** |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 9.79 | 10.46 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 28.43 | 5.49 | 121.15 | 12.94 |












**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


## (ii) अपलोड थ्रूपुट

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 5.60 | 3.41 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 11.21 | 2.14 | 8.03 | 7.99 |






**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।